हरियाणा 55000 से अधिक मोबाइल नंबर ब्लॉक करने वाला देश का पहला राज्य

चर्चा में क्यों?

19 दिसंबर 2023 को हरियाणा साईबर फ्रॉड से जुड़े 55000 से अधिक मोबाइल नंबरों को ब्लॉक करते हुए देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है।

प्रमुख बिंदु

- हरियाणा पुलिस ने वर्ष 2023 में 30 नवंबर तक प्रदेश की जनता के 66 करोड़ रूपये को ठगी होने से बचाया है।
- हरियाणा पुलिस द्वारा 29 साईबर थानों के माध्यम से 1707 साइबर ठगों की गिरफ़्तारी करते हुए 2354 साइबर ठगी के मामले भी दर्ज किए हैं जिनमें से 409 हाई प्रोफाइल केस है।
- पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि साइबर हेल्पलाइन नंबर पर तैनात पुलिसकर्मियों की संख्या 35 से बढ़ाकर 70 कर दिया गया है।
- पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि पिंचकूला 112 ईआरएसएस बिल्डिंग में स्थित नेशनल साईबर हेल्पलाइन 1930 मुख्यालय में 27 पुलिस कर्मचारी बतौर इंसिडेंट मैनेजर नियुक्त किए है।
- इन इंसीडेंट मैनेजरों की जिम्मेदारी होती है कि ठगी की रिपोर्टिंग हेल्पलाइन 1930 पर दर्ज होने पर ठगी की रकम जिस बैंक में गई है, तुरंत उस बैंक के नोडल अधिकारी से संपर्क कर, ठगी की रकम को फ्रीज़ करवाएं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-is-the-first-state-in-the-country-to-block-more-than-55000-mobile-numbers